सं0 4/2077(1)/60-2-14-2/1(39)/96

प्रेषक

सुधा शुक्ला,

उपसचिव,

उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक,

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनॉक 13 अक्टूबर, 2014

विषय- वर्ष 2014-15 के लिए विभिन्न पदों की निरन्तरता के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के समसंख्यक पत्र दिनॉक 02-09-14 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आई0सी0डी0एस0 कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में सृजित किये गये अस्थायी पदों की निरन्तरता दिनॉक 28-02-15 तक प्रदान किये जाने के प्रस्ताव के सम्बन्ध में कतिपय बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट किये जाने की अपेक्षा की गयी है किन्तु अपेक्षित आख्या अभी तक प्राप्त नही हुई है।

2- पुनः अवगत कराना है कि आपके पत्र दिनांक 21-08-2014 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के साथ संलग्नक में क्रमांक-47, 56, 66, 78, 92, 111 पर चालक के पदों, क्रमांक – 48, 119 पर चतुर्थ श्रेणी के पदों एवं क्रमांक-98 पर सी0डी0पी0ओ0 के पदों की संख्या गत वर्ष प्रेषित प्रस्ताव दिनांक 26-09-2013 के साथ संलग्न विवरण के क्रमशः क्रमांक- 64,77,92,111,138,168, क्रमांक-65,181, एवं क्रमांक-148 में अंकित पदों से कम दर्शायी गयी है तथा क्रमांक-63 पर मुख्य सेविका के कुल 245 पदों की संख्या पत्र दिनांक 21-08-14 में दर्शायी गयी परिलक्षित नहीं हो रही है। इसी प्रकार गत वर्ष प्रेषित प्रस्ताव एवं वि0पत्र द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में आंगनबाडी कार्यकर्त्रियों /सहायिकाओं के पदों में भी काफी अन्तर परिलक्षित हो रहा है।

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि गत वित्तीय वर्ष में प्रेषित प्रस्ताव एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु प्रेषित प्रस्ताव में पदों के संवर्गवार विवरण का मिलान करते हुए तथ्यात्मक स्थिति एवं किन कारणों से पदों की संख्या में विचलन हो रहा है, कारण सहित सुस्पष्ट/औचित्यपूर्ण प्रस्ताव शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया

(सुधा शुक्ला)

उपसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/